दानिशमदान, पंजाबी ... सरबजीत सिंह, मंगत सिंह रहे।



श्रीगुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली प्रभात फेरी।

# जेएस कॉलेज की टीम ने दी मनमोहक प्रस्तुति

अमरोहा, संवाददाता। झंकार कल्चरल क्लब गोकुलदास महाविद्यालय मुरादाबाद के संयोजन में क्षेत्रीय स्तर की लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्थानीय साहू जगदीशसरन कल्चरल क्लब जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज अमरोहा की टीम ने राजस्थानी लोकनृत्य कालबेलिया पर मनमोहक प्रस्तुति देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में पलक, चंचल, मुस्कान, साक्षी, रितिका यादव, झलक, नैंसी, आकांक्षा, नेहा, रीतिका पाल, वंशिका, प्रीति आदि छात्राएं शामिल रहीं। मुख्य अतिथि जेएस हिन्दू कॉलेज के प्राचार्य प्रो.वीर वीरेंद्र सिंह व मेजबान महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.चारु मल्होत्रा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# लोकनृत्य प्रतियोगिता में जेएस पीजी कॉलेज का जलवा

**खास बात**

**प्राचार्य प्रो0 सिंह ने प्रतिभागियों का किया उत्साहवर्धन**

**आर्यावर्त केसरी ब्यूरो**

**अमरोहा।** झंकार, कल्चरल क्लब गोकुलदास महाविद्यालय मुरादाबाद द्वारा सोमवार को आयोजित क्षेत्रीय स्तर की लोकनृत्य प्रतियोगिता में साहू जगदीशसरन कल्चरल क्लब, जेएस हिन्दू (पीजी) कॉलेज अमरोहा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। ध्यातव्य है कि प्रतियोगिता में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें जेएस हिंदू पीजी कॉलेज की टीम ने राजस्थानी लोकनृत्य कालबेलिया पर मनमोहक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जेएस हिंदू कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह और मेजबान महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 चारु मल्होत्रा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर वीर वीरेन्द्र सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को रचनात्मक प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति की अनूठी क्षेत्रीय विशेषताओं एवं विविधताओं से भी ऐसे उत्सव परिचय प्राप्त कराते हैं। विद्यार्थियों को इनमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। क्योंकि रचनात्मक प्रतिस्पर्धा ही जीवन के असली अर्थों को दशार्ती है।

टीम प्रभारी डॉ0 रश्मि गुप्ता, डॉ0 गीतांजलि और श्रद्धा शर्मा ने अपने प्रतिभागियों के द्वितीय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। कल्चरल क्लब प्रभारी डॉ0 अरविंद कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं द्वितीय स्थान हासिल करना हर्ष का विषय है। 12 नवंबर को महाविद्यालय में कल्चरल क्लब द्वारा ह्यलोहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल का राष्ट्रीय एकता में योगदानह्ल विषय पर केन्द्रित गीत, भाषण, कविता एवं नाटक आदि प्रतियोगितायें होंगीं, जिसमें इन सभी लोकनृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं की प्रस्तुति भी कराई जाएगी और इनको सम्मानित किया जाएगा।

इस विजेता टीम में पलक, चंचल, मुस्कान, साक्षी, रितिका यादव, झलक, नैन्सी, आकांक्षा, नेहा, रीतिकापाल, वंशिका तथा प्रीति आदि छात्राएं सम्मिलित रहीं।



## ...स्वास्थ्य की जांच हुई

मुरादाबाद। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं की सेहत की जांच की।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह के निर्देश पर अर्बन हेल्थ सेंटर लालबाग की टीम छात्राओं की सेहत की जांच करने पहुंची। फिजिशियन डॉ. नूरे ऐन ने 100 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि लगभग सात छात्राओं को धुंधला दिखाई देने की समस्या मिली। इस दौरान स्टाफ नर्स शाइस्ता, सहायक अध्यापक अभिलाषा, सोनी कुमारी, बबीता, श्रद्धा चौहान, रूबी आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

अमर उजाला फाउंडेशन की पहल
स्वास्थ्य परीक्षण
शिविर




अमर उजाला फाउंडेशन के शिविर में बच्चों की जांच करते डॉक्टर। संवाद

## वार्षिकोत्सव में दिखाई दी भारतीय संस्कृति की झलक



शिरडी साईं पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी। स्रोत : स्कूल

मुरादाबाद। शिरडी साईं पब्लिक स्कूल में सोमवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया, जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों ने हिस्सा लिया।

'धरोहर हमारी संस्कृति एवं संभ्यता' की थीम पर मनाए गए वार्षिकोत्सव में बच्चों ने ज्वलंत समस्या को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसे खूब सराहा गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से बताया गया कि आज का युवा विदेश जाने का सपना पालता है और वहीं पर जाकर बस जाता है।

इस वजह से उनकी भावी पीढ़ी देश की संस्कृति और सभ्यता से दूर हो जाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली सिंह, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, स्कूल के ट्रस्टी मनोज आहूजा, ज्योति आहूजा, निदेशक नलिनी अरोरा और मनीष त्यागी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। ब्यूरो

कार्यक्रम

सांस्कृतिक समिति एवं संगीत विभाग की ओर से नृत्य प्रतियोगिता झंकार का आयोजन

# नृत्य में गोकुलदास के कलाकारों ने बिखेरा जलवा

संवाद न्यूज एजेंसी

मुरादाबाद। गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को सांस्कृतिक समिति एवं संगीत विभाग की ओर से नृत्य प्रतियोगिता झंकार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के लोकनृत्यों की अद्भुत छटा देखने को मिली। कुचीपुड़ी, भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम आदि नृत्य कलाओं से छात्राओं ने सबको सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई।

कार्यक्रम में गोकुलदास कॉलेज की टीम को प्रथम पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता में नौ महाविद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभागी रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को नृत्य के जरिये भारत की सांस्कृतिक विरासत की पहचान कराना और उसके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना बताया गया। मुख्य अतिथि जेएस हिंदू कॉलेज अमरोहा के प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह रहे। छात्राओं ने रंग-बिरंगे और पारंपरिक परिधान पहनकर देश भर के विभिन्न क्षेत्रों के लोक नृत्यों का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया।




गोकुलदास कॉलेज में प्रतियोगिता में नृत्य करतीं छात्राएं। संवाद

प्रतिभागी स्कूलों में से चार स्कूलों ने स्थान प्राप्त किया।

केजीके कॉलेज मुरादाबाद व बहजोई कॉलेज, बहजोई की टीम ने प्रेरक स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं योग्यता प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी शर्मा, करुणा आनंद और प्रवीण सैनी ने किया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य चारू मेहरोत्रा, शिवानी गुप्ता, डॉ. सीमा रानी, डॉ. मोनिका सिंह, डॉ. सुनीति लता, कविता भटनागर, किरन त्रिपाठी, अपर्णा जोशी आदि मौजूद रहीं।